(यह सिंडिकेटेड न्यूज़ फीड से अनएडिटेड और ऑटो-जेनरेटेड स्टोरी है, ऐसी संभावना है कि लेटेस्टली स्टाफ द्वारा इसमें कोई बदलाव या एडिट नहीं किया गया है)

The Print

मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को नोटिस जारी कर कैदियों की समस्याओं पर रिपोर्ट मांगी

https://hindi.theprint.in/india/human-rights-commission-issued-notice-to-the-states-and-sought-report-on-the-problems-of-prisoners/804346/

भाषा | 8 April, 2025 09:18 pm IST

नयी दिल्ली, आठ अप्रैल (भाषा) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देश भर की विभिन्न जेलों में कैदियों को हो रही कठिनाइयों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है।

आयोग ने एक बयान में कहा कि इन समस्याओं में जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों का होना, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव शामिल है।

इसने कहा, “देश भर की विभिन्न जेलों का दौरा करने के बाद तैयार रिपोर्ट और शिकायतों के माध्यम से इन मुद्दों को आयोग के संज्ञान में लाया गया है।”

बयान के मुताबिक, आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर उनसे चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है, जिसमें विभिन्न विवरण शामिल होने चाहिए।

इसमें कहा गया कि रिपोर्ट में मांगे गए विवरण में राज्य की जेलों में बंद महिला कैदियों की संख्या, उन महिला कैदियों की संख्या, जिनके बच्चे उनके साथ जेल में बंद हैं, उन महिला कैदियों की संख्या जो दोषी व विचाराधीन कैदी हैं, और एक साल से अधिक समय से जेल में बंद महिला विचाराधीन कैदियों तथा पुरुष विचाराधीन कैदियों का ब्योरा शामिल है।

बयान के मुताबिक, कुछ अन्य चिंताओं में महिला कैदियों के सम्मान व सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन, उनके खिलाफ बढ़ती हिंसा के कारण मानसिक तनाव, पर्याप्त शौचालयों, सैनिटरी नैपकिन और स्वच्छ पेयजल सुविधाओं के बिना अस्वच्छ स्थितियां शामिल हैं।

भाषा जितेंद्र नेत्रपाल

नेत्रपाल

यह खबर ‘भाषा’ न्यूज़ एजेंसी से ‘ऑटो-फीड’ द्वारा ली गई है. इसके कंटेंट के लिए दिप्रिंट जिम्मेदार नहीं है.

Hindustan

कैदियों की समस्याओं पर एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

https://www.livehindustan.com/ncr/new-delhi/story-nhrc-directs-states-to-report-on-prisoners-issues-in-four-weeks-201744135849239.html

8 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जेलों में कैदियों की समस्याओं पर नोटिस जारी किया है। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को चार हफ्तों में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट में कैदियों की संख्या,...

- मुख्य सचिवों को चार हफ्ते के भीतर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश नई दिल्ली, एजेंसी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देशभर के जेलों में कैदियों की समस्याओं पर स्वत: संज्ञान लेकर नोटिस जारी किया है।

आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने एक बयान में कहा कि इन समस्याओं में जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों का होना, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव शामिल है।

इसने कहा, देशभर की विभिन्न जेलों का दौरा करने के बाद तैयार रिपोर्ट और शिकायतों के माध्यम से इन मुद्दों को आयोग के संज्ञान में लाया गया है। आयोग ने रिपोर्ट में मांगे गए विवरण में जेलों में बंद महिला कैदियों की संख्या, बच्चों के साथ महिला कैदियों की संख्या, दोषी व विचाराधीन महिला कैदी और एक साल से अधिक समय से जेल में बंद महिला विचाराधीन कैदियों तथा पुरुष विचाराधीन कैदियों का ब्योरा शामिल है।

Jagran

महिला कैदियों की कठिनाइयों पर NHRC ने जताई चिंता, राज्यों से पूछे कई कड़े सवाल

एनएचआरसी ने देशभर की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों और उनके बच्चों को हो रही कठिनाइयों पर स्वत संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मानीटर्स ने देशभर की विभिन्न जेलों का दौरा कर अपनी रिपोर्ट दी थी जिसमें जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों के होने बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव आदि का मुद्दा उठाया गया था।

https://www.jagran.com/news/national-nhrc-expressed-concern-over-the-difficulties-faced-by-women-prisoners-asked-many-tough-questions-to-the-states-23914607.html

By Jagran NewsEdited By: Piyush KumarUpdated: Tue, 08 Apr 2025 11:39 PM (IST)

HighLights

एनएचआरसी ने महिला कैदियों की कठनाइयों पर सभी राज्यों को जारी किया नोटिस

राज्यों को बताना होगा कि उनके यहां की जेलों में बंद महिला कैदियों की कितनी है संख्या

बताना होगा- कितनी महिला कैदी ऐसी हैं, जिनके बच्चे माताओं के साथ जेल में रह रहे हैं

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देशभर की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों और उनके बच्चों को हो रही कठिनाइयों पर स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में रिपोर्ट भेजने को कहा है।

राज्यों को रिपोर्ट में महिला कैदियों और शिशुओं के साथ रहने वाली महिला कैदियों, दोषी और विचाराधीन महिला कैदियों के साथ ही एक साल से ज्यादा समय से जेलों में बंद महिला और पुरुष विचाराधीन कैदियों की संख्या भी बतानी होगी।

आयोग ने महिला कैदियों की स्थिति पर स्वत: संज्ञान लिया

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मानीटर्स ने देशभर की विभिन्न जेलों का दौरा कर अपनी रिपोर्ट दी थी, जिसमें जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों के होने, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव आदि का मुद्दा उठाया गया था। रिपोर्ट को देखकर आयोग ने महिला कैदियों की स्थिति पर स्वत: संज्ञान लिया है।

रिपोर्ट में महिला कैदियों के सम्मान और सुरक्षा के अधिकारों के उल्लंघन, उनके खिलाफ बढ़ती हिंसा के कारण मानसिक परेशानी, पर्याप्त शौचालय, सैनेटरी नैपकिन, स्वच्छ पेयजल सुविधाओं का अभाव तथा खराब गुणवत्ता वाला भोजन का मुद्दा भी उठाया गया था।

रिपोर्ट में महिला कैदियों के साथ जेलों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा के अवसरों की कमी, कानूनी सहायता, व्यवसायिक प्रशिक्षण और पुनर्वास सहित उनके कल्याण कार्यक्रमों का कार्यान्यवयन न होने का मुद्दा भी शामिल है। इसीलिए, आयोग ने रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में रिपोर्ट तलब की है।

रिपोर्ट में राज्यों को इन सवालों का देना होगा जवाब

राज्यों को रिपोर्ट में बताना होगा कि उनके राज्य की जेलों में बंद महिला कैदियों की संख्या क्या है। कितनी महिला कैदी ऐसी हैं जिनके बच्चे माताओं के साथ जेल में रह रहे हैं। कितनी महिला कैदी दोषी करार दी गई हैं और कितनी संख्या विचाराधीन महिला कैदियों की है। कितनी महिला कैदी ऐसी हैं जो एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद हैं। पुरुष विचाराधीन कैदियों की संख्या कितनी है और कितने एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद हैं।

Times of India

HC stays NHRC proceedings in KIIT student suicide case

https://timesofindia.indiatimes.com/city/bhubaneswar/hc-stays-nhrc-proceedings-in-kiit-student-suicide-case/articleshow/120096615.cms

Lalmohan Patnaik / Apr 8, 2025, 17:59 IST

Cuttack: Orissa high court has issued a stay order on all National Human Rights Commission (NHRC) proceedings related to the alleged suicide of a Nepalese student at KIIT deemed to be University on Feb 16. The court has also suspended the NHRC's March 27 order that had held the university accountable for the incident, saying it had violated principles of natural justice as KIIT was not given an opportunity to be heard. Justice S K Panigrahi, while hearing a petition filed by KIIT and Kalinga Institute of Social Sciences (KISS), emphasized that adherence to principles of natural justice is crucial in quasi-judicial proceedings. The court has issued notice to NHRC to respond by April 26, with the next hearing scheduled for April 29.

"It must be underscored that when orders are passed by quasi-judicial authorities, adherence to the principles of natural justice is not a mere formality, but a foundational requirement. The absence of notice or the denial of an opportunity to be heard renders such exercise susceptible to challenge and vitiates the fairness of the process," the HC noted.

The case involves a complex series of events leading to the tragic death of a Nepalese student. According to university submissions, the deceased had initially filed a complaint against a fellow student on Jan 12, regarding inappropriate photographs. Despite attempted resolutions and written undertakings between parties, the situation escalated, ultimately leading to the student's death.

KIIT authorities challenged the NHRC's March 27 order in which it had criticized the university's handling of the situation, noting "gross negligence" by university officials and expressing concern over the mass exodus of students from hostels following the incident. KIIT authorities argued they were not provided with the inquiry report or findings before the order was issued, violating Section 16 of the Protection of Human Rights Act, 1993. The court has directed various authorities, including the state govt, district collector (Khurda), police commissioner and UGC chairman to halt any actions based on the NHRC's order until the next hearing.

This case has gained national attention, with the Supreme Court including it in a broader examination of student suicides in educational institutions. A National Task Force, headed by former Supreme Court Judge S Ravindra Bhat has been formed to investigate such incidents across India.

Hindustan Times

Orissa HC stays NHRC actions against KIIT over Nepalese student's death

https://www.hindustantimes.com/india-news/orissa-hc-stays-nhrc-actions-against-kiit-over-nepalese-student-s-death-101744129973385.html

PTI | Apr 08, 2025 10:02 PM IST

Orissa HC stays NHRC actions against KIIT over Nepalese student's death

Cuttack, The Orissa High Court has stayed till the next date of hearing the proceedings of the National Human Rights Commission against the Kalinga Institute of Industrial Technology over a Nepalese student's death in February.

While hearing a petition by the KIIT, the single-judge bench of Justice Sanjeeb Kumar Panigrahi also ruled that no further actions could be taken against the private deemed to be university here till the court takes up the matter for further hearing on April 29.

The court also issued notices to all parties involved, including the NHRC, and directed them to submit their replies within three weeks.

The 20-year-old Nepalese woman's body was recovered from her hostel room inside the KIIT campus on February 16 following which tension mounted and students from the Himalayan nation were assaulted and forcibly evicted after they staged protests. The incident had raised a nationwide outrage and the prime minister of Nepal also intervened in the matter.

Finding gross negligence on the part of the KIIT authorities over the "suicide", the NHRC on March 27 sought an action taken report from the Odisha government, UGC and the National Assessment and Accreditation Council within four weeks.

In its petition, the KIIT argued that while the NHRC had taken suo motu cognisance of the student's death on March 3, it proceeded to issue directions on March 27 without notifying or seeking a response from the institution.

Bottom of Form

The KIIT submitted that this move violated the principles of natural justice, as the institute was not allowed to present its side.

The court, acknowledging the procedural lapse raised by the petitioner, in its order on Monday said that as an interim measure, directed that all further proceedings in the case, presently pending before the NHRC, shall remain stayed until the next date of listing of this matter.

This article was generated from an automated news agency feed without modifications to text.

LatestLY

India News | Orissa HC Stays NHRC Actions Against KIIT over Nepalese Student's Death

Get latest articles and stories on India at LatestLY. The Orissa High Court has stayed till the next date of hearing the proceedings of the National Human Rights Commission (NHRC) against the Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT) over a Nepalese student's death in February.

https://www.latestly.com/agency-news/india-news-orissa-hc-stays-nhrc-actions-against-kiit-over-nepalese-students-death-6768378.html

Agency News PTI | Apr 08, 2025 10:04 PM IST

Cuttack, Apr 8 (PTI) The Orissa High Court has stayed till the next date of hearing the proceedings of the National Human Rights Commission (NHRC) against the Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT) over a Nepalese student's death in February.

While hearing a petition by the KIIT, the single-judge bench of Justice Sanjeeb Kumar Panigrahi also ruled that no further actions could be taken against the private deemed to be university here till the court takes up the matter for further hearing on April 29.

The court also issued notices to all parties involved, including the NHRC, and directed them to submit their replies within three weeks.

The 20-year-old Nepalese woman's body was recovered from her hostel room inside the KIIT campus on February 16 following which tension mounted and students from the Himalayan nation were assaulted and forcibly evicted after they staged protests. The incident had raised a nationwide outrage and the prime minister of Nepal also intervened in the matter.

Finding gross negligence on the part of the KIIT authorities over the “suicide”, the NHRC on March 27 sought an action taken report from the Odisha government, UGC and the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) within four weeks.

In its petition, the KIIT argued that while the NHRC had taken suo motu cognisance of the student's death on March 3, it proceeded to issue directions on March 27 without notifying or seeking a response from the institution. The KIIT submitted that this move violated the principles of natural justice, as the institute was not allowed to present its side.

The court, acknowledging the procedural lapse raised by the petitioner, in its order on Monday said that as an interim measure, directed that all further proceedings in the case, presently pending before the NHRC, shall remain stayed until the next date of listing of this matter.

(This is an unedited and auto-generated story from Syndicated News feed, LatestLY Staff may not have modified or edited the content body)

The New Indian Express

NHRC urged to lift Andhra HC stay on Chittoor encounter case

It also directed the AP government to pay Rs 5 lakh interim relief to kin of each victims and suggested a CBI probe into the incident.

https://www.newindianexpress.com/states/tamil-nadu/2025/Apr/08/nhrc-urged-to-lift-andhra-hc-stay-on-chittoor-encounter-case

Express News Service | Updated on: 08 Apr 2025, 10:28 am

1 min read

MADURAI: The Joint Action Against Custodial Torture -Tamil Nadu & Puducherry (JAACTTN) has urged the National Human Rights Commission (NHRC) to take steps to get the interim stay of Andhra Pradesh High Court vacated so that the commission's directions regarding the Chittoor encounter killings can be implemented.

In a release issued on Monday to mark the 10th anniversary of the incident when 20 loggers from Tamil Nadu were shot dead in "self defence" by Andhra Pradesh Red Sanders Anti Smuggling Special Task Force (STF) in an encounter inside the Seshachalam forest in Chittoor district on April 7, 2015, JAACTTN legal advisor Henri Tiphange said due to the interim stay, proceedings on the writ petition has been pending.

In the aftermath of the incident, the NHRC gave a slew of directions including magisterial inquiry, safe custody of weapons used by the STF and the deceased, not tamper with evidence such as police register, log books till trial is completed.

It also directed the AP government to pay Rs 5 lakh interim relief to kin of each victims and suggested a CBI probe into the incident. The AP government filed a writ petition in the Andhra Pradesh High Court challenging the commission's directions and got a stay order.

Janta Se Rishta

NHRC से चित्तूर मुठभेड़ मामले पर आंध्र हाईकोर्ट की रोक हटाने का आग्रह

https://www.jantaserishta.com/local/tamil-nadu/nhrc-urged-to-lift-andhra-high-court-stay-on-chittoor-encounter-case-3941303

April 8, 2025

मदुरै: हिरासत में यातना के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई - तमिलनाडु और पुडुचेरी (जे.ए.ए.सी.टी.एन.) ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एन.एच.आर.सी.) से आग्रह किया है कि वह आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अंतरिम स्थगन को हटाने के लिए कदम उठाए, ताकि चित्तूर मुठभेड़ हत्याओं के संबंध में आयोग के निर्देशों को लागू किया जा सके।

7 अप्रैल, 2015 को चित्तूर जिले के शेषचलम जंगल के अंदर एक मुठभेड़ में आंध्र प्रदेश लाल चंदन तस्करी विरोधी विशेष कार्य बल (एस.टी.एफ.) द्वारा तमिलनाडु के 20 लकड़हारों को "आत्मरक्षा" में गोली मार दिए जाने की घटना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में, जे.ए.ए.सी.टी.एन. के कानूनी सलाहकार हेनरी टिफांगे ने कहा कि अंतरिम स्थगन के कारण रिट याचिका पर कार्यवाही लंबित है।

घटना के बाद एनएचआरसी ने कई निर्देश दिए, जिसमें मजिस्ट्रेट जांच, एसटीएफ और मृतक द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों को सुरक्षित रखना, मुकदमा पूरा होने तक पुलिस रजिस्टर, लॉग बुक जैसे सबूतों से छेड़छाड़ न करना शामिल है।

इसने आंध्र प्रदेश सरकार को प्रत्येक पीड़ित के परिजनों को 5 लाख रुपये की अंतरिम राहत देने का भी निर्देश दिया और घटना की सीबीआई जांच का सुझाव दिया। आंध्र प्रदेश सरकार ने आयोग के निर्देशों को चुनौती देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की और स्थगन आदेश प्राप्त किया।

Organiser

Tamil Nadu: NHRC seeks report from UGC, over alleged human rights violations in Chennai's Loyola College

https://organiser.org/2025/04/08/286441/bharat/tamil-nadu-nhrc-seeks-report-from-ugc-over-alleged-human-rights-violations-in-chennais-loyola-college/

April 8, 2025

In a major intervention, the National Human Rights Commission (NHRC) has issued formal notices to the University Grants Commission (UGC) and the Registrar of the University of Madras, demanding an Action Taken Report within four weeks regarding grave allegations of human rights violations and academic misconduct at Loyola College (Autonomous), Chennai. Additionally, a copy has been marked to the Chief Secretary, Government of Tamil Nadu, to initiate appropriate administrative follow-up.

The action follows a detailed complaint filed by Legal Rights Protection Forum (LRPF), a Hyderabad-based legal advocacy group, which accused Loyola College of conducting its M.A. Philosophy program at an unauthorized off-campus Jesuit institute named Satya Nilayam, in blatant violation of University of Madras affiliation norms. The program, allegedly functioning without mandatory approvals, is claimed to be operating around 12 km away from the main Loyola campus, under a separate Jesuit-controlled entity.

More disturbingly, LRPF has alleged religious discrimination in student admissions to this program, with non-Christian students being systematically excluded, which, if true, constitutes a direct violation of Articles 15(1) and 29(2) of the Indian Constitution—guaranteeing equal access to public educational institutions irrespective of religion.

The complaint also points to a potential academic fraud, accusing Loyola College of misusing the name and official logo of the University of Madras to confer degrees that may lack legal and academic legitimacy due to improper affiliation. These allegations not only question the validity of degrees issued under such arrangements but also raise red flags about regulatory failure and institutional collusion.

Taking serious cognizance, the NHRC Bench led by Priyank Kanoongo invoked Section 12 of the Protection of Human Rights Act, 1993, classifying the issue as a possible grave human rights violation, warranting urgent institutional scrutiny.

The Commission has made it clear that no leniency will be tolerated, demanding a prompt and transparent inquiry and holding authorities accountable for any lapses.

LRPF has raised suspicion over the role of officials at the University of Madras, alleging that they neglected to conduct the mandatory inspection of Loyola College's campus as required under the established norms and regulations governing the grant and continuation of affiliation.

Tamil Nadu: Complaint filed against Registrar of Madras University for endorsing academic fraud by Loyola College

Reports: Kunti Surender#TamilNadu #LoyolaCollegehttps://t.co/JMgrxIjlea

— Organiser Weekly (@eOrganiser) March 27, 2025

In March 2025, LRPF filed the complaint with the Governor of Tamil Nadu, who serves as the Chancellor of the University of Madras. That complaint had similarly flagged unauthorized academic operations and religious bias, urging the Governor to revoke both autonomous status and affiliation granted to Loyola College.

In March 2025, LRPF filed the complaint with the Governor of Tamil Nadu, who serves as the Chancellor of the University of Madras. That complaint had similarly flagged unauthorized academic operations and religious bias, urging the Governor to revoke both autonomous status and affiliation granted to Loyola College.

Northeast News

NHRC member Priyank Kanoongo visits Meghalaya Temple, receives grievance memo from tribal forum

https://nenews.in/meghalaya/nhrc-member-priyank-kanoongo-visits-meghalaya-temple-receives-grievance-memo-from-tribal-forum/23171/

By Northeast News | April 8, 2025 in Meghalaya

Ampati: National Human Rights Commission (NHRC) member Priyank Kanoongo visited Chenga Benga Temple at Gandhipara in Meghalaya's South West Garo Hills on Monday (April 7), the concluding day of the Ashoka Ashtami celebrations.

During his visit, the Meghalaya Indigenous Minority Tribal Forum (MIMTF) submitted a memorandum to Kanoongo, detailing critical issues faced by the indigenous minority tribal communities in the state.

The memorandum highlighted grievances related to the state's job reservation policy, need for Assembly constituency delimitation, restrictions on Durga Puja celebrations, absence of a Hindu graveyard in Baghmara, issues in Esamati (South West Khasi Hills and East Khasi Hills), challenges concerning the Permanent Resident Certificate (PRC), and a demand for the creation of a Regional Council.

Thousands of devotees attended the four-day festival from April 4 to 7.

During the visit, Priyank Kanoongo also interacted with temple authorities, community leaders, and local residents, appreciating their role in preserving tradition and promoting communal harmony. Community members renewed their call for justice in connection with an alleged gang rape incident during last year's mela, urging the NHRC to ensure stronger security measures during future festivals.

Shri Priyank Kanoongo honoured Samuel Sangma, Officer-in-Charge of Garodoba ADC, with the 'Koch Sokatharay' for his sincerity and dedicated service.

While this year's celebrations were peaceful on the Meghalaya side, an incident of assault was reported from Assam. A devotee, Basudev Hajong from Poskunipara village in South Salmara-Mankachar district, was allegedly beaten en route the mela in Teporpara, Assam.

Kanoongo was accompanied by Vikash Kumar, Superintendent of Police; Zanera R Marak, District Social Welfare Officer; Tanweera M Sangma, District Child Protection Officer; Harkumar Hajong, retired IES officer, and Pramod Koch, MDC Dalu.

His visit was part of an official NHRC tour of the Northeastern states, including Assam, Meghalaya, and Tripura.

The NHRC member's visit reaffirmed the Commission's commitment to human rights, cultural inclusivity, and the concerns of minority tribal communities in the region.

Dainik Bhaskar

निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व उपायुक्त से शिकायत

https://www.bhaskar.com/local/jharkhand/chaibasa/chakradharpur/news/complaint-to-national-human-rights-commission-and-deputy-commissioner-against-the-arbitrariness-of-private-schools-134800854.htm

चक्रधरपुर| मानवाधिकार कार्यकर्ता बैरम खान ने चक्रधरपुर के निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ चैयरमैन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दिल्ली व मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीबीएसई) दिल्ली के मुख्य सचिव झारखंड सरकार व जिला के उपायुक्त को मेल के माध्यम से शिकायत किया गया है। पत्र में कहा गया है कि चक्रधरपुर के तमाम छोटे-बड़े सभी विद्यालय के मैनेजमेंट बच्चों के अभिभावक से नियम के विपरित राशि का लूट कर रहे हैं। उदाहरण स्वरुप मंथली फीस के साथ वार्षिक फीस, रीएडमिशन फीस, स्कूल यूनिफॉर्म, महंगी किताबें, स्कूल डेवलपमेंट फीस है। निजी विद्यालयों में वैसे विद्यालय भी शामिल है जिसे सीबीएसई से मान्यता मिला हुआ है।

इस शिक्षा के नाम पर आम व्यक्ति का परिवार प्रभावित हो रहा है। शिक्षा के नाम पर लुट के लिए एक स्वतंत्र जांच कमेटी का गठन करा कर ईमानदार पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम भेजा जाए। दोषी पाए जाने वाले निजी विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई हो। आम लोगों को बेहतर व सस्ते दर पर शिक्षा मिले इसकी समीक्षा के साथ कठोर कानून बने। सरकारी व सरकारी अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त स्कूलों में कम से कम 20 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति की जाए। सरकारी स्कूलों के तर्ज पर सभी सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय को सुविधा उपलब्ध कराया जाए। सभी सरकारी विद्यालय व सरकारी सहायता अल्पसंख्यक भाषाई विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ा जाए।

Amar Ujala

दमोह फर्जी डॉक्टर: राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की दूसरे दिन की सुनवाई शुरू, आज दो पीड़ितों को बयान होंगे दर्ज

https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/damoh/damoh-fake-doctor-national-human-rights-commission-s-investigation-begins-on-the-second-day-2025-04-08

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, दमोह Published by: अर्पित याज्ञनिक Updated Tue, 08 Apr 2025 01:37 PM IST

सार

दमोह

हार्ट सर्जरी में सात मरीजों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम ने मंगलवार को दूसरे दिन की जांच सर्किट हाउस में की। टीम यहां दो पीड़ित की सुनावाई करेगी।

विस्तार

दमोह शहर के मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर एन जॉन केम की हार्ट सर्जरी में सात मौतों के मामले में मंगलवार को दूसरे दिन फिर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने पीड़ितों की सुनवाई की। टीम ने मामले की जांच के लिए पांच पीड़ित परिवारों को पत्र जारी कर बयान देने के लिए बुलाया था। पहले दिन सोमवार को तीन पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए थे। वहीं आज मंगलवार को दो पीड़ितों को बयान देने के लिए सर्किट हाउस बुलाया गया है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम के सदस्य रिंकल कुमार, ब्रजवीर सिंह, राजेंद्र सिंह शामिल बयान ले रहे हैं। मीडिया को दूसरे दिन अंदर जाने से रोक दिया गया है। टीम के सदस्य भी मीडिया को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दे रहे।

पहले दिन पीड़ित कृष्ण पटेल, नवी कुरैशी और पूरन सिंह के बयान दर्ज किए थे। इसके बाद शाम के समय टीम मिशन हॉस्पिटल जांच के लिए पहुंची। वहां देर रात तक टीम ने दस्तावेजों की जांच की। आयोग की टीम को यहां तीन दिन रुकना है।

ये है मामला

दमोह शहर के निजी मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर की सर्जरी से सात हृदय मरीजों की मौत का मामला तब सामने आया, जब बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक तिवारी ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग से की। उन्होंने बताया एक-दो पीड़ित पक्ष हमारे संपर्क में आए थे। तब पता चला कि मिशन अस्पताल में बड़ी धांधली हुई है। सात हृदय रोगियों की मौत हुई है। जांच होगी तो उससे भी ज्यादा मौतें निकल सकती हैं। उन्होंने बताया कि मिशन अस्पताल में एन केम जॉन नाम का एक डॉक्टर है, जबकि इस नाम का असली डॉक्टर तो लंदन में है। उन्होंने सीएमएचओ मुकेश जैन से शिकायत की, लेकिन उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब 4 अप्रैल शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने इस मामले से जुड़ी एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'दमोह मध्यप्रदेश मिशनरी के अस्पताल में नकली डॉक्टर द्वारा हृदय रोग के उपचार के नाम पर रोगियों के ऑपरेशन किए जाने से सात लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है। शिकायत के अनुसार उक्त मिशनरी अस्पताल प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से आच्छादित है, इसलिए सरकारी राशि का दुरुपयोग भी किया गया है।' इसके बाद राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने जांच के आदेश दिए।

Nai Duniya

दमोह में 7 मरीजों की जान लेने वाला कथित डॉक्टर प्रयागराज से गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज से ली थी नौकरी

दमोह मिशन अस्पताल में फर्जी सर्जन नरेंद्र यादव द्वारा की गई 15 सर्जरी में सात मरीजों की मौत हुई। आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। उसने फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाई थी। एनएचआरसी जांच में जुटी है। मुख्यमंत्री ने फर्जी डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/damoh-alleged-doctor-who-killed-7-patients-in-damoh-was-arrested-from-prayagraj-he-had-taken-the-job-with-fake-documents-8385383

By Anurag Mishra | Edited By: Anurag Mishra | Publish Date: Tue, 08 Apr 2025 04:28:54 PM (IST)

Updated Date: Tue, 08 Apr 2025 04:32:31 PM (IST)

HighLights

आरोपी नरेंद्र यादव प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया

एनएचआरसी टीम ने पीड़ितों के बयान दर्ज किए हैं

लंदन डॉक्टर का नाम उपयोग कर नौकरी हासिल की

नईदुनिया प्रतिनिधि, दमोह। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मिशन अस्पताल में इस साल जनवरी और फरवरी में 15 मरीजों की हृदय सर्जरी के बाद सात लोगों की असामयिक मौत का मामला सामने आया है। इस घटना के मुख्य आरोपी कथित सर्जन डॉ. नरेंद्र यादव उर्फ एन जॉन केम को दमोह पुलिस ने सोमवार 7 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया।

उसके खिलाफ रविवार देर रात कोतवाली थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इस बीच, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फर्जी डॉक्टरों की जांच के सख्त निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि आरोपी को दमोह लाया जा रहा है और मामले से जुड़े कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम ने भी इस प्रकरण की जांच शुरू कर दी है, जो पीड़ितों के बयान दर्ज कर रही है। यह मामला चिकित्सा क्षेत्र में लापरवाही और फर्जीवाड़े की गंभीर समस्या को उजागर करता है।

पुलिस ने प्रयागराज से दबोचा आरोपी

दमोह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र यादव को प्रयागराज से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि रविवार रात 2 बजे कोतवाली थाने में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एमके जैन की शिकायत पर प्रकरण दर्ज हुआ था।

जांच में पता चला कि नरेंद्र यादव का पंजीयन मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में नहीं है और आंध्रप्रदेश मेडिकल काउंसिल की वेबसाइट पर भी उसका नाम नहीं मिला। इसके बावजूद उसने मिशन अस्पताल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी जैसी जटिल सर्जरी कीं, जिसके बाद सात मरीजों की मौत हो गई। पुलिस ने कई दस्तावेज जब्त किए हैं और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

फर्जी दस्तावेजों से हासिल की थी नौकरी

दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर को इस मामले की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए थे। जांच में पता चला कि नरेंद्र यादव ने लंदन के मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन जॉन केम के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मिशन अस्पताल में नौकरी हासिल की थी।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि वह काम छोड़कर चला गया था। दस्तावेजों से यह भी खुलासा हुआ कि जिन मरीजों की मौत हुई, उनकी सर्जरी नरेंद्र यादव ने ही की थी। उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी कागजातों का सहारा लिया और मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया।

सात मरीजों की मौत

मिशन अस्पताल में हुई सात मौतों में से पांच पीड़ितों के नाम सामने आए हैं। इनमें सत्येंद्र सिंह राठौर (लाडनबाग हथना), रहीसा बेग (पुराना बाजार नंबर-2), इजरायल खान (डॉ. पसारी के पास), बुद्धा अहिरवाल (बरतलाई पटेरा) और मंगल सिंह राजपूत (बरतलाई पटेरा) शामिल हैं। सभी दमोह जिले के निवासी थे। इन मौतों के लिए नरेंद्र यादव को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

पीड़ितों के स्वजनों का आरोप है कि अस्पताल ने उन्हें गुमराह किया और भारी फीस वसूलने के बाद बिना पोस्टमार्टम के शव सौंप दिए।

पीड़ितों के बयान दर्ज

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की तीन सदस्यीय टीम ने सोमवार को दमोह पहुंचकर जांच शुरू की। टीम ने सर्किट हाउस में पीड़ित परिवारों के बयान दर्ज किए, जिसमें पहले दिन तीन परिवारों ने अपनी बात रखी। शेष बयान मंगलवार को लिए जाएंगे। इसके बाद टीम देर शाम मिशन अस्पताल पहुंची और रात 9 बजे तक जांच जारी रखी।

अस्पताल स्टाफ से पूछताछ के साथ-साथ रिकॉर्ड की गहन पड़ताल की गई। एनएचआरसी अस्पताल की मान्यता, डॉक्टरों की नियुक्ति, और आयुष्मान भारत योजना के तहत भुगतान जैसे पहलुओं की जांच कर रही है। हालांकि, टीम ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की।

सीएमएचओ की अनदेखी पर सवाल

दमोह बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि नरेंद्र यादव ने जनवरी-फरवरी 2025 में 15 हृदय रोगियों की सर्जरी की थी, जिसमें सात की मौत हुई। कुछ मरीजों के स्वजनों ने फरवरी में सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन से शिकायत की थी, लेकिन उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मार्च में एनएचआरसी से शिकायत की गई, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। तिवारी ने सीएमएचओ की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं और इसकी जांच की मांग की है।

तेलंगाना में भी फर्जीवाड़े का इतिहास

आरोपी नरेंद्र यादव का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके आधार कार्ड के मुताबिक वह देहरादून का निवासी है और उसका नाम नरेंद्र जॉन केम है। वर्ष 2019 में तेलंगाना के रचकोंडा में उसने ब्राउंडवाल्ड हॉस्पिटल में फर्जीवाड़ा किया था, जहां वह चेयरमैन के पद पर था।

उसकी पत्नी दिव्या रावत के साथ मिलकर उसने वहां भी धोखाधड़ी की थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी। दमोह में वह गुजरात में पंजीकृत वाहन का इस्तेमाल कर रहा था, जो उसके संदिग्ध व्यवहार को और उजागर करता है।

मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार दोपहर फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था में खामियों को उजागर किया है, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस सक्रिय हो गई है। यह मामला न केवल मिशन अस्पताल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को भी कठघरे में खड़ा करता है।

Patrika News

फर्जी डॉक्टर के खिलाफ पहले होती जांच तो बच सकती थी 7 लोगों की जान

Mission Hospital Case : दमोह के मिशन अस्पताल केस, अगर फर्जी डॉक्टर के खिलाफ पहले होती जांच तो 7 लोगों की जान बच सकती थी।

https://www.patrika.com/damoh-news/mission-hospital-case-investigation-against-fake-doctor-had-done-earlier-7-lives-could-saved-19516607

दमोह•Apr 08, 2025 / 02:22 pm•

Faiz

Mission Hospital Case : मध्य प्रदेश के दमोह के मिशन अस्पताल में 7 लोगों को मौत की नींद सुलाने वाला फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट एन जॉन केम उर्फ डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। आरोपी शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र की टाउनशिप में छिपा बैठा था। दमोह साइबर सेल ने उसका मोबाइल चालू होते ही लोकेशन ट्रेस कर दबोचा है। पुलिस आरोपी को रात 11.30 बजे दमोह लाई थी। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम भी दमोह पहुंची और ऑपरेशन के चलते जान गवाने वाले 7 मरीजों के परिजन के साथ-साथ बचने वाले एक मरीज के परिजन के बयान दर्ज कराए। वहीं, कलेक्टर, एसपी व सीएमएचओ के बयान भी लिए गए।

इसी बीच पत्रिका ने छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के बेटे प्रो. प्रदीप शुक्ल से भी फर्जी डॉ. के संबंध में बातचीत की। क्योंकि, इस फर्जी डॉक्टर ने छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की भी एंजियोप्लास्टी की थी। बेटे प्रदीप शुक्ल को संदेह था कि, उसी के बाद हालत बिगड़ने के कारण उनके पिता की मौत हो गई थी। मानवाधिकार आयोग द्वारा लिए गए पीड़ित परिजन के बयानों और पत्रिका की राजेन्द्र शुक्ल के बेटे से हुई बातचीत से ये प्रतीत हुआ है कि, अगर फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ पहले ही जांच कर ली जाती तो शायद आज उन 7 लोगों की जान किसी फर्जी डॉक्टर के हाथों न जाती।

पूर्व विस अध्यक्ष के बेटे प्रो. प्रदीप की जुबानी

बिलासपुर में पत्रिका से बातचीत के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल के बेटे प्रोफेसर प्रदीप शुक्ल ने बताया कि, '2 अगस्त 2006 की बात है। मेरे बाबूजी राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की तबीयत खराब होने पर शहर के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। वहां बाबूजी का इलाज डॉ. राजीव राठी करते थे। लेकिन, वे अपोलो छोड़कर दूसरी जगह चले गए। उनकी जगह डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव ने उनकी एंजियोप्लास्टी की थी। उस समय डॉ. नरेन्द्र के बारे में बताया गया था कि, वे मध्य भारत में लेजर से हार्ट का ऑपरेशन करने वाले सबसे अच्छे डॉक्टर हैं। सर्जरी के कुछ घंटे के बाद बाबूजी की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें करीब 18 दिन तक वेंटीलेटर पर आईसीयू में रखा गया। लेकिन प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट करते ही 20 अगस्त 2006 को बाबूजी नहीं रहे।'

प्रो. प्रदीप शुक्ल ने आगे कहा- 'तभी मुझे डॉ. विक्रमादित्य पर शक हुआ था। इसके बाद अपोलो में भी इस डॉक्टर द्वारा की गई सर्जरी के बाद कुछ और मौतों की खबरे सामने आई थी। अपोलो का स्टाफ भी इस

फर्जी डॉक्टर को पसंद नहीं करता था। वो यहां अकेला रहता था। इस बीच डॉ. नरेन्द्र अपोलो से फरार हो गया। उस दौरान मैंने आरटीआई लगाकर उनकी डिग्री की जानकारी मांगी थी, लेकिन मुझे नहीं दी गई। मैं उन्हें गूगल आदि पर ढूंढ रहा था, लेकिन अब जब दमोह मिशन हॉस्पिटल में 7 मौतों के पीछे इस डॉक्टर का नाम और फोटो सामने आया तो मेरे सामने 2006 का वो दृश्य आ गया। काश, उस समय फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेन्द्र जॉन केम के खिलाफ कड़ी जांच हुई होती तो आज दमोह समेत इतनी जगहों पर इस तरह मौतें नहीं हुई होतीं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।'

फर्जी डॉ. ने बताए तीन, पर असल में दो ब्लाकेज थे- कृष्णा पटेल

दमोह में मानवाधिकार आयोग को बयान दर्ज कराने दमोह के सिविल वार्ड निवासी कृष्णा पटेल भी आए। डॉ. एन जॉन केम ने जिन 8 मरीजों का इलाज किया था, उनमें से इस युवक के दादा ही बचे थे। 31 जनवरी को कृष्णा अपने दादा आशाराम पटेल को लेकर मिशन अस्पताल पहुंते थे। वहां, कार्डियोलॉजिस्ट एन जॉन केम ने उन्हें तीन ब्लॉकेज बताते हुए ओपन हार्ट सर्जरी कराने को कहा। लेकिन, जब उनसे कुछ सवाल पूछे तो वो भड़क गए। हालांकि, उन्होंने वहां सिर्फ दादा की एंजियोप्लास्टी ही कराई थी। डॉक्टर से संतुष्ट न होने के चलते जब उन्होंने बाहर ओपन हार्ट सर्जरी कराने के लिए डॉ. केम से एंजियोप्लास्टी की सीडी मांगी तो उन्होंने पहले तो देने से इंकार कर दिया। बमुश्किल उन्हें सीडी दी तो पता चला कि वो सीडी खाली थी।

इसके बाद जबलपुर में जांच कराई तो पता चला कि दादा के तीन नहीं दो ब्लॉकेज निकले। पटेल ने बताया, डॉ. केम पहले नरसिंहपुर के एक निजी अस्पताल में था, जहां भी तीन लोगों की इसी तरह इलाज के दौरान मौतें हुई थीं। पटेल ने बताया कि, फरवरी में उसने कलेक्टर को इस संबंध में लिखित शिकायत की थी। उस दौरान जांच का आश्वासन तो मिला था, पर बाद में कोई अपडेट ही नहीं दिया गया।

'मुझे मुआवजा नहीं डॉक्टर पर सख्त कार्रवाई चाहिए'

नबी कुरैशी ने मानवाधिकार टीम को मां रहीसा बेगम के इलाज के दस्तावेज दिए। टीम ने पूछा-क्या चाहते हो। नबी ने कहा, मुआवजा नहीं चाहिए। मां को नहीं बचा सका, पर उम्मीद करता हूं कि निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कड़ी कार्रवाई हो।

ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार

मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि, ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सख्त कार्रवाई होगी। कोई कमी, गलती या तथ्य छिपाए हैं तो सरकार संज्ञान लेगी। सीएम ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को गहन जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।